for release of funds to clear the State's overdraft with the Reserv Bank; and

(b) if so, the action taken thereon?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINACNE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): (a) and (b). The Government of India made certain advance release of funds to the Government of Kerala which cleared their pending overdraft on the 28th June, 1976. Since then, the State Government have not been in overdraft for more than seven consecutive days on any occasion.

### कपड़ा मिलों का आधुनिकीकरण

524. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वाणिज्य मंत्री कपड़ा मिलों के आधुनिकीकरण के बारे में 19 मार्च, 1976 के तारांकित प्रश्न संख्या 161 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करें कि :--

(क) क्या ऋण उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम 1974 के उपबंधों के अंतर्गत 87 मिलों का आधुनिकीकरण कार्यक्रम मंजूर कर दिया गया है, यदि हां, तो प्रत्येक मिल पर कितना व्यय आयेगा और विभिन्न राज्यों में यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा;

(ख) उन 9 मिलों में प्रत्येक पर कितना व्यय हुआ है जिन्होंने आधुनिकीकरण का प्रथम चरण कर लिया है और इन मिलों के नाम क्या हैं, और

(ग) उन 20 मिलों के नाम क्या है, जो फाईन तथा सुपरफाईन कपड़ा बना रही है और उन पर राष्ट्रीय वस्त्र निगम ने कितना व्यय किया है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : (क) जी हां। आधुनिकीकरण पर वित्तीय परिव्यय का मिल वार ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण विवरण 1) सभा पटल पर रख दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल टी/76] आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के दो या तीन वर्षों की अवधि में कार्यान्वित होने की आशा है।

(ख) जानकारी देने वाला एक विवरण (विवरण 2) सभा पटल पर रख दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल टी/76]

(ग) जानकारी देने वाला एक विवरण (विवरण 3) सभा पटल पर रख दिया गया है। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल टी/76]

### Plan for Expansion of Branches of Nationalised Banks

525. PROF. NARAIN CHAND PARASHAR: Will the Minster of REVENUE AND BANKING be pleased to state:

(a) whether the nationalised banks have drown up a three year plan for the expansion of their branches;

(b) whether some of these banks have finalised any proposals for the current financial year, which may form part of the larger three year plan; and

(c) if so, the outlines of the proposals for new branches which have been finalised or are under consideration for Himachal Pradesh by the State Bank of India, United Commercial Bank, Punjab National Bank, Central Bank of India, Union Bank of India and Bank of India?

THE MINISTER OF STATE INCHARGE OF THE DEPARTMENT OF REVENUE AND BANKING (SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE) (a) and (b). Yes, Sir.

(c) The Reserve Bank of India have reported that commercial banks have been allowed 26 centres for opening offices in Himachal Pradesh under their perspective plan for 1976. Together with these licences, the commercial banks in all had on hand, as

at the end of June, 1976, 41 licences for opening offices in Himachal Pradesh Bankwise distribution of the pending licences is set out below:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | State Bank of India | 12 |
| 2. | United Commercial Bank | 3 |
| 3. | Punjab National Bank | 9 |
| 4. | Central Bank of India | 2 |
| 5. | Union Bank of India | 2 |
| 6. | Bank of India | 1 |
| 7. | Other Banks | 12 |

### मारफिन के उत्पादन के लिये सयंत्र

526. डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय : क्या राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या अफीम के डोरा चूरा (पोपी हुस्क) से मारफिन बनाने के लिये मध्य प्रदेश के मदसौर जिले मे एक सयंत्र लगाने का प्रस्ताव है अथवा इस की मांग की गई है ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश का मदसौर जिला भारत मे अफीम के उत्पादन मे अग्रणी है , और

(ग) यदि हा, तो अफीम के डोरा चूरे से मारफिन बनाने के लिये एक सयंत्र लगाने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी): (क) सयंत्र के स्थान निर्धारिण के सबध मे अभी तक कोई निर्णय नही किया गया है। लेकिन, मध्य प्रदेश सरकार ने मदसौर और रतलाम जिलो मे कुछ स्थानो के बारे मे सुझाव दिया है। राजस्थान सरकार ने भी परियोजना के लिए अपने राज्य में कतिपय स्थानों का सुझाव रखा है। ये सुझाव विचाराधीन है।

(ख) जी हा।

(ग) पोस्त की डोडी पोस्त की भूसी से अफीम और अन्य एल्कालाइड निकालने के लिये युगोस्लाविया के तकनीकी सहयोग से एक सयंत्र स्थापित करने के लिये व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का कार्य मैसर्स इंजीनियर्स इंडिया लि० को सौंप दिया गया है, जिस से व्यवहार्यता रिपोर्ट शीघ्र पेश की जाने की आशा की जाती है। सरकार द्वारा व्यवहार्यता रिपोर्ट के प्राप्त किए जाने और उस की जांच किये जाने के बाद प्रस्तावित परियोजना पर अन्तिम निर्णय किया जायगा।

### फरार तस्कर

528. श्री भागीरथ भंवर : क्या राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कुल कितने तस्कर फ़रार हैं; और

(ख) क्या कुछ ऐसे भी तस्कर हैं जिन्होंने विदेशों में शरण ले ली हैं और यदि हां, तो ऐसे देशों के नाम क्या हैं ?

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) : (क) 31–7–76 की स्थिति के अनुसार, विदेशी मुद्रा सरक्षण और तस्करी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1974 के अन्तर्गत नजरबंद किये जाने के लिये आदेश दिये गये 2519 व्यक्तियों में से 346 व्यक्ति नजरबंद नहीं किये गये थे और/अथवा फ़रार थे।

(ख) प्राप्त रिपोर्टों से पता चलता है कि इनमें से कुछ व्यक्ति हांग-कांग, श्रीलका, नेपाल, दुबाई, बगलादेश, ब्रिटेन, सिंगापुर, सयुक्त अरब अमीरात और जापान में हैं।

### विदेशी तस्करों की गिरफ्तारी

529. श्री भागीरथ भंवर : क्या राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात स्थिति की घोषणा के बाद नेपाल, बगला देश और पाकिस्तान की